विश्वकर्मा पूजन | अलग-अलग जगहों पर निकाली जाएगी शोभायात्रा, मानस भवन में होगा विश्वकर्मा समाज का मुख्य कार्यक्रम

# आज रहेगी भगवान विश्वकर्मा के पूजन की धूम

**नवभारत,जबलपुर।** 17 सितंबर को देशभर में भगवान विश्वकर्मा का पूजन दिवस श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर कारीगरों, शिल्पकारों, इंजीनियरों, निर्माण एवं औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े लोगों द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की जाएगी। विभिन्न प्रतिष्ठानों और कार्यस्थलों पर औजारों एवं मशीनरी का पूजन कर सुख-समृद्धि और कार्य में उन्नति की कामना की जाएगी।



जानकारी के अनुसार मानस भवन में 17 सितंबर को मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर विश्वकर्मा समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। आयोजकों के अनुसार श्री विश्वकर्मा महासंगठन मप्र व विश्वकर्मा समाज का प्रमुख आयोजन मानस भवन में 17 सितंबर की दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। जिसके बाद शाम 4 बजे से मानस भवन से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए भगवान श्री विश्वकर्मा का संदेश देते हुए पुन: मानस भवन पहुंचेगी। जहां पर प्रसाद वितरण के उपरांत कार्यक्रम का समापन होगा। मुख्य आयोजन में उपस्थिति की अपील श्री विश्वकर्मा महासंगठन मप्र के अध्यक्ष रमेश विश्वकर्मा, ओपी विश्वकर्मा, अरविन्द विश्वकर्मा, अजय गोविन्द विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, रविन्द्र विश्वकर्मा, रामराज विश्वकर्मा, हरि मासाब विश्वकर्मा आदि अन्य ने की है।

### गढ़ा में दो दिवसीय आयोजन

श्री विश्वकर्मा समाज संगठन मप्र द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा के पूजन दिवस पर गढ़ा में दो दिवसीय आयोजन किया जाएगा। जिसमें 16 सितम्बर को भगवान श्री विश्वकर्मा की मूर्ति की स्थापना सहित अन्य धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अलावा 17 सितम्बर को भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा 17 सितंबर की दोपहर 3 बजे से कछपुरा ब्रिज स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ होगी। जिसमें उपस्थिति की अपील श्री विश्वकर्मा समाज संगठन मप्र के प्रदेश अध्यक्ष हरि शंकर विश्वकर्मा, दशरथ विश्वकर्मा, शिव कुमार विश्वकर्मा, सूरज विश्वकर्मा, गोविन्द विश्वकर्मा, आनंद विश्वकर्मा, अरविन्द विश्वकर्मा आदि ने की है।

### कंचनपुर में विश्वकर्मा पूजन दिवस पर होंगे आयोजन

भगवान श्री विश्वकर्मा के पूजन दिवस के अवसर पर विश्वकर्मा प्रगति संघ के द्वारा मंदिर की न्यू भूमि, नहर मार्ग, सनसिटी चौराहा के पास कंचनपुर में पूजन समरोह का आयोजन किया गया है। जिसमें 17 सितंबर की सुबह 11 बजे भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजन, एक कुण्डीय यज्ञ, आरती और प्रसार वितरण, दोपहर 2 बजे भगवान श्री विश्वकर्मा के चल समरोह के लिए सभी सामाजिक बंधु मानस भवन की ओर प्रस्थान करेंगे।

### 108 नामों से हवन, मशीनों-औजारों की पूजा


वास्तु, शिल्प और मशीनरी से जुड़ी परंपरा को आज भी निभाया जा रहा है। विश्वकर्मा जयंती पर पूजा-अर्चना के साथ भगवान विश्वकर्मा के 108 नामों का स्मरण करते हुए हवन करने की परंपरा भी बदला है। पहले कारीगर अपने पारंपरिक औजारों की पूजा करते थे, वहीं अब कारखानों, वर्कशॉप और तकनीकी संस्थानों में मशीनों, उपकरणों और अन्य संसाधनों की सफाई कर विधि-विधान से पूजन और हवन किया जाता है।

### इनका कहना है



विश्वकर्मा जयंती पर समाज के लोग अपने कार्यस्थल, औजारों और मशीनों की पूजा करते हैं। पहले पारंपरिक औजारों की पूजा होती थी, लेकिन अब आधुनिक मशीनरी भी इसका हिस्सा बन गई है। 108 नामों का स्मरण कर हवन करने की परंपरा भी है। यह दिन मेहनत, हुनर और निर्माण कार्य से जुड़े लोगों के सम्मान का अवसर है।

**रवींद्र विश्वकर्मा**



वेल्डिंग का काम मशीन और औजारों से जुड़ा है, इसलिए विश्वकर्मा जयंती हमारे लिए खास दिन होता है। इस दिन मशीनों और औजारों की साफ-सफाई कर पूजा करते हैं। भगवान विश्वकर्मा से काम में तरक्की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।

**ओमप्रकाश विश्वकर्मा ,कर्मचारी**

# हवाई नक्शे में जबलपुर को प्रमुखता दिलाने पर सार्थक संवाद

**महाकौशल चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बुलंद की आवाज**



**नवभारत,जबलपुर।** महाकोशल चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री सभागार में जबलपुर की हवाई सेवा के विस्तार के लिए परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें जबलपुर से देश के विभिन्न अंचलों के लिए हवाई सेवा की आवश्यकता बताते हुए मांग रखी गई कि जबलपुर को प्रमुखता प्रदान करते हुए जबलपुर से पुणे, जबलपुर से चेन्नई, जबलपुर से अहमदाबाद तथा बिहार, झारखंड एवं उड़ीसा हेतु हवाई सेवा विस्तारित की जाए।

चैंबर मानसेवी मंत्री अखिल मिश्र ने बताया कि जबलपुर में अत्याधुनिक तकनीकी मापदंडों को पूरा करने के साथ वृहत टर्मिनल बनाया गया है। हमारा रनवे इंदौर से कुछ इंच छोटा होते हुए प्रदेश में दूसरे नंबर का है। जबलपुर में पांच पांच बड़ी सुरक्षा संस्थानों के साथ मध्य कमान का सेना मुख्यालय स्थापित है। इन संस्थाओं के अधिकारियों को हवाई सेवा की पात्रता उपलब्ध है परंतु जबलपुर से एयर कनेक्टिविटी अत्यंत ही सीमित होने के कारण समुचित लाभ अप्राप्त है। जबलपुर से विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल भेड़ाघाट, पचमढ़ी, खजुराहो तथा कान्हा, बांधवगढ़, पेंच आदि अद्वितीय अभ्यारण के लिए पर्यटकों को जबलपुर की सीधी हवाई सेवाओं से आकर्षित किया जा सकता है।

महाकोशल के आर्थिक विकास के क्रम में हवाई सेवा को तत्काल बढ़ाने की मांग रखते हुए इसे सुनियोजित कार्यशाली से विभिन्न स्तरों के माध्यम से पूर्ण करने की आशा व्यक्त की गई। उपस्थित जनों द्वारा यह आक्रोश भी व्यक्त किया गया कि यदि जबलपुर की इस महत्वपूर्ण जरूरत पर एयरलाइन कंपनियां एवं जिम्मेदार लोग उचित निर्णय नहीं लेते हैं तो जबलपुर वासियों को अपने हक की लड़ाई सभी स्तरों पर लड़नी पड़ेगी। परिचर्चा का संचालन मानसेवी मंत्री अखिल मिश्र एवं आभार कनिष्ठ उपाध्यक्ष युवराज जैन गढ़वाल ने किया। इस मौके पर चैंबर अध्यक्ष रवि गुप्ता, शंकर नाग्देव, युवराज जैन गढ़वाल, अखिल मिश्र, समीर पाल, विनोद पहाड़िया, सुनील ठाकुर, अरुण सिंह पवार, राकेश गिदरोनियां, अरविंद कुमार गुप्ता, अभिषेक जैन, अखिल खंडेलवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### इसलिए जरूरी है जबलपुर को पर्याप्त हवाई सेवाओं की उपलब्धता

इसके साथ ही जबलपुर स्थित उच्च न्यायालय, विद्युत मुख्यालय एवं प्रदेश में सर्वाधिक विश्वविद्यालयों के परिप्रेक्ष्य में शैक्षणिक हब के रूप में भी जबलपुर को पर्याप्त हवाई सेवाओं की उपलब्धता की आवश्यकता है। आध्यात्मिक दृष्टि से मां नर्मदा के अंचल पर ओशो रजनीश, महर्षि महेश योगी जी एवं स्वामी प्रज्ञानंद जी की जन्मस्थली-कर्मस्थली में देश एवं विदेश के भक्तों के आवागमन हेतु हवाई सेवा एक आवश्यक बिंदु है।

### एक नजर में

## अनिल सिंह चौहान बने जिला प्रचार मंत्री



**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के द्वारा अधिवक्ता अनिल सिंह चौहान (मोनू) को जिला प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया है। वर्षों की निष्ठा, संघर्ष और निरंतर सेवा के बाद मिला यह सम्मान उनकी मेहनत का सुफल है। अनिल के शुभचिंतकों ने उन्हें इस नियुक्ति पर बधाईयां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सोलर रूफ टॉप योजना का लाभ संविदा कर्मियों, पेंशनर्स को भी दें : राकेश पाठक

**नवभारत,जबलपुर।** सोलर रूफ टॉप योजना का लाभ संविदा कर्मियों, पेंशनर्स को देने की मांग उठने लगी है। मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा है कि ऊर्जा विभाग द्वारा विगत माह बिजली कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों को सोलर रूफ टॉप योजना का लाभ देने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई थी। आज मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आदेश जारी कर कंपनी के समस्त नियमित कार्मिकों को सोलर रूफ टॉप योजना के अंतर्गत वित्तीय अनुदान प्रदान करते हुए प्रोत्साहन राशि प्रदान किये जाने का निर्णय लिया है। फेडरेशन इसका अभिनंदन करता है। लेकिन फेडरेशन के राकेश डी पी पाठक,यू के पाठक,लक्ष्मण सिंह राजपूत,एन के यादव, दिनेश दुबे, उमाशंकर मेहता, सुरेश बाबू खरे, अनूप वर्मा, बी एस राठौर,रामेश्वर गांगे,अपसार अहमद,आर के कौशिक, केदारनाथ अग्निहोत्री, दिलीप पाठक ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, ऊर्जा मंत्री, प्रमुख सचिव ऊर्जा, सीएमडी पावर मैनेजमेंट और सभी कंपनियों के एमडी से अनुरोध किया है कि इस योजना में सभी संविदा कर्मियों और पेंशनर्स को भी शामिल कर उन्हें भी लाभ प्रदान करें।

# महिलाओं को समानता, संवेदनशीलता के प्रति किया गया जागरूक

**वुमेन कमीशन, जबलपुर धर्मप्रांत का लीडरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित**



**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर धर्मप्रांत के वुमेन कमीशन द्वारा एक दिवसीय लीडरशिप ट्रेनिंग सेमिनार (गोल - 2) का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण सेमिनार का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को समानता, संवेदनशीलता, लिंग आधारित हिंसा, पॉक्सो अधिनियम जैसे विषयों के प्रति जागरूक एवं संवेदनशील बनाना था । कार्यक्रम में जबलपुर, शहडोल एवं कटनी क्षेत्र की लगभग 98 महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर जबलपुर धर्मप्रांत वुमन कमीशन के डायरेक्टर फादर क्रिस्ट राज, फादर विपिन, कोऑर्डिनेटर सिस्टर नमिता, सिस्टर नीलिमा, डेज़ी एंथोनी, वेरोनिका, रोज़मेरी थॉमस, डेज़ी अगस्टीन, करुणा, शोभा एवं रिसोर्स पर्सन आशा बेला ने हिंसा विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया।

# मनाया जाएगा श्रीचन्द्राचार्य महाराज का 532वां प्राकट्योत्सव

**20 सितंबर को होंगे विविध धार्मिक आयोजन**



**नवभारत,जबलपुर।** मां वैष्णोदेवी यात्रा सेवा समिति, जबलपुर के तत्वाधान में परम पूज्य तपोमूर्ति सद्गुरुदेव बाबा श्री कल्याणदास जी महाराज के पावन सान्निध्य एवं अध्यक्षता में उदासीनाचार्य भगवान श्री श्री चंद्रादेव जी महाराज के 532वे प्राकट्योत्सव का भव्य धार्मिक आयोजन रविवार 20 सितंबर को किया जा रहा है। आयोजन को लेकर समिति द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस धार्मिक आयोजन में संत-महात्माओं के सान्निध्य एवं आशीर्वचन के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है। वासुदेव खत्री (सांवल), शंकर लाल खत्री, शमन दास आस वानी, सुधीर भागचंदानी, बबलू केसरवानी, अर्जुन पुरुस्वानी, पप्पू जयभोले, सोनू बचवानी, तारु खत्री, सुरेश आसवानी सहित समिति के अन्य सदस्यों ने ये जानकारी दी है।

कार्यक्रम का प्रथम चरण 20 सितंबर को श्री कल्याणिका तपोवन, लम्हेटा-धुआंधार मार्ग, गोपालपुर, जबलपुर में आयोजित होगा। प्रात: 10 बजे धर्मध्वजा आरोहण एवं पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात प्रात: 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्राकट्योत्सव एवं अरदास का आयोजन होगा। दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक कन्या-पूजन, कन्या-भोज एवं प्रसादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमी नागरिक सहभागी बनेंगे।

### सांध्यकालीन कार्यक्रम में भजन संध्या

आयोजन के द्वितीय चरण में रविवार, 20 सितंबर को शाम 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक राइट टाउन स्थित मानस भवन, जबलपुर में भव्य भजन संध्या एवं परम पूज्य श्री बाबाजी महाराज सहित पूज्य संतों के आशीर्वचन का आयोजन होगा।

### 27 मार्च 2027 को वैष्णो देवी रवाना होगी ट्रेन

समिति द्वारा बताया गया कि मां वैष्णो देवी यात्रा सेवा समिति द्वारा जो ट्रेन हर वर्ष अगस्त में जाती थी, खराब मौसम के चलते, वह अब 27 मार्च 2027 को जबलपुर से वैष्णो देवी के लिए रवाना होगी। जो भी भक्ति गण वैष्णो देवी जाने के लिए इच्छुक हैं वे इस सत्संग में अवश्य पधारे रजिस्ट्रेशन के टाइम सत्संग में उपस्थित होने वाले श्रद्धालुओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

# लोकबोली में है हमारी सांस्कृतिक अस्मिता . . .

**अखिल भारतीय हिन्दी सेवा समिति एवं ऑथर्स गिल्ड ऑफ इंडिया का आयोजन**



**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतीय हिन्दी सेवा समिति एवं ऑथर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में लोक संस्कृति, लोकभाषा और साहित्य पर केन्द्रित मासिक काव्य गोष्ठी वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं सुशील श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। विशिष्ट अतिथि डॉ. छाया सिंह, सारस्वत अतिथि डॉ. शिवशंकर अवस्थी, डॉ. ऊषा दुबे तथा मुख्य वक्ता राजेश पाठक 'प्रवीण' रहे। संयोजना डॉ. सलमा जमाल ने की।

इस दौरान अतिथियों एवं वक्ताओं ने कहा कि लोक संस्कृति किसी समाज की केवल परम्परा नहीं, उसकी सामूहिक स्मृति और सांस्कृतिक अस्मिता है। लोकभाषाएँ जनजीवन के अनुभव, संस्कार, संवेदना और जीवन-मूल्यों की सहज अभिव्यक्ति हैं। बदलते सामाजिक परिवेश में नई पीढ़ी को बुन्देली सहित भारतीय लोकभाषाओं, लोक साहित्य और लोक परम्पराओं से जोड़ना अत्यन्त आवश्यक है। समारोह बुन्देली मर्मज्ञ डॉ.पूरनचंद श्रीवास्तव को समर्पित रहा। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष तिवारी एवं कविता राय ने किया। डॉ. सलमा जमाल ने मक्का-मदीना प्रवास के दौरान ऑनलाइन वक्तव्य दिया।

### सामाजिक सरोकारों पर आधारित रचनाएं की गईं पेश

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में आयोजित काव्य गोष्ठी में कविता राय, ज्योति प्यासी, दिनेश सेन 'शुभ', मनोरमा गुप्ता, ज्योति मिश्रा, कविता नेमा, संतोष नेमा, रामबल्लभ गुप्ता, प्रीति नामदेव, डॉ. ऊषा दुबे, मीना भट्ट, योगिता चौरसिया, शरद मुकेश मिश्रा, डॉ. मुकुल तिवारी, तरुणा खरे, कालिदास ताम्रकार, सहित अनेक साहित्यकारों ने बुन्देली और हिन्दी में लोकजीवन, संस्कृति, संस्कार एवं सामाजिक सरोकारों पर आधारित रचनाएँ प्रस्तुत कीं। अंत में रजनी कोठारी ने अतिथियों, साहित्यकारों एवं उपस्थित सुधीजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बालाजी मंदिर में मनाई गई मिहिरभोज परिहार जयंती

**नवभारत,जबलपुर।** जय क्षात्रधर्म सोशल फाउंडेशन द्वारा प्रति वर्षानुसार भाद्रपद मास की शुक्ल तृतीया तिथि को मिहिरभोज परिहार एवं वराह अवतार की जयंती बाला जी मंदिर जबलपुर मे मनाई गयी और उनका पूजन वंदन कर प्रसाद वितरण किया गया। विदित हो कि सम्राट मिहिरभोज परिहार 9 वीं सदी के महान राजपूत राजा और योद्धा रहे जिन्होंने अरबो हूणों से भारत भूमि और सनातन धर्म की रक्षा की थी और वर्तमान गुजरात जो गुर्जर राज्य कहलाता था पर अपना शासन स्थापित कर गुर्जर सम्राट की उपाधि भी प्राप्त की थी।




इसी तिथि मे भगवान श्री विष्णु जी ने वराह अवतार धारण कर हिरन्याक्ष राक्षस से पृथ्वी की रक्षा की थी इसलिए उनकी भी जयंती साथ मे मनाई गयी। जयंती मे फाउंडेशन के कर्मठ अधिकारी दीपक सिंह परिहार, अमन सिंह ठाकुर, रत्नेश सिंह ठाकुर, विकास सिंह ठाकुर, मनीष सिंह ठाकुर सम्मिलित रहे।

# मदन महल दरगाह में 11वीं शरीफ का पहला मेला आज



**नवभारत,जबलपुर।** मदन महल पहाड़ी पर स्थित हज़रत पीराने पीर की दरगाह में गुरुवार 17 सितंबर को ग्यारहवीं शरीफ के पहले मेले का एहतेमाम किया गया है। इस मौके पर सुबह बाद नमाज़-ए-फ़जर कुरआन ख्वानी और नात-ख्वानी होगी। दोपहर बाद नमाज़-ए-असर चादरपोशी की रश्म अदा की जाएगी। शाम को नमाज़-ए-मगरिब के बाद सलातो-सलाम पेश किया जाएगा।

मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी, सज्जादानशीन मुबारक कादरी, निजाम कादरी, खलीफा इनायत कादरी, जवाहर कादरी ने प्रशासन से दरगाह परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने की गुजारिश की है।

# मां नर्मदा तटों की स्वच्छता और व्यवस्था होगी भव्य : निगमायुक्त

**आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम की तैयारियों का निगमायुक्त ने लिया जायजा**

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने 'सेवा संकल्प अभियान 2026' के अंतर्गत आयोजित होने वाले भव्य 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निगमायुक्त ने गौरीघाट रोड स्थित झंडा चौक से लेकर शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज तथा पवित्र मां नर्मदा के तटों तक पूरे मार्ग का गहनता से जायजा लिया और सभी व्यवस्थाओं को समय से पहले दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने अधिकारियों के साथ पैदल चलकर पूरे मार्ग का अवलोकन किया। उन्होंने मार्ग में स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, और श्रद्धालुओं की सुगमता के लिए की जा रही तैयारियों को देखा। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सुरक्षा और सुविधा के हर पहलू पर विशेष ध्यान दिया जाए। निगमायुक्त ने इस मौके पर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि झंडा चौक से लेकर घाटों तक निरंतर विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। संपूर्ण मार्ग और तटों पर पर्याप्त एवं आकर्षक रोशनी का प्रबंध हो। साथ ही आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में पार्किंग आदि व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं।

अभियान | अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्मजीव दिवस पर जबलपुर में चला विशेष शोध अभियान

# 200 विद्यार्थियों ने किया फंगल संक्रमण-पर्यावरणीय सूक्ष्मजीवों का अध्ययन

**नवभारत,जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्मजीव दिवस के अवसर पर सोसायटी फॉर रिसर्च, डायग्नोस्टिक एंड ट्रीटमेंट ऑफ ह्यूमन फंगल डिजीज ,सेंटर फॉर मेडिकल माइकोलॉजी, जबलपुर द्वारा सूक्ष्मजीवों एवं फंगल संक्रमणों पर विशेष शोध अभियान आयोजित किया गया। केंद्र के युवा निदेशक जितेंद्र नवांगे ने बताया कि इस अभियान में शहर के प्रमुख महाविद्यालयों के माइक्रोबायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी एवं लाइफ साइंस विभागों के शोध निर्देशक एवं लगभग 200 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।



इस संबंध में जितेंद्र नवांगे ने बताया कि शोध अभियान के अंतर्गत डर्माटोफाइट्स, सिस्टमिक माइकोसिस, ड्रग सेंसिटिविटी तथा मानव एवं पशुओं में संक्रामक फंगस से होने वाली बीमारियों का अध्ययन किया गया। आयोजन में शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने विभिन्न फंगल संक्रमणों के कारण बनने वाली प्रजातियों की पहचान करने का प्रयास किया। साथ ही यह भी अध्ययन किया गया कि हमारे आसपास के पर्यावरण में कौन-कौन सी फंगल प्रजातियां मौजूद हैं। इस उद्देश्य से शहर के अलग-अलग स्थानों से पर्यावरणीय नमूने एकत्र किए गए तथा उनकी वैज्ञानिक जाँच की गई। इस शोध कार्य के माध्यम से विद्यार्थियों को फंगल संक्रमणों, सूक्ष्मजीवों की पहचान एवं प्रयोगशाला आधारित अनुसंधान की जानकारी प्राप्त हुई।

### इनका रहा विशेष योगदान

कार्यक्रम के दौरान परिषद के वैज्ञानिक डॉ. विकास शिंदे एवं डॉ. निपुण सिलावट ने बताया कि फंगस पर किया जा रहा यह शोध विज्ञान की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इससे समाज में फंगल संक्रमणों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा मानव एवं पर्यावरणीय स्वास्थ्य से जुड़े विषयों को समझने में सहायता मिलेगी। वहीं विज्ञान भारती के अध्यक्ष प्रो. संत प्रसाद गौतम ने शोध अभियान में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों एवं शोधकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। इस शोध कार्य में डॉ. वर्षा अगलावे, डॉ. मनीषा सक्सेना, डॉ. रुचिका यदु, डॉ. श्याम जी शुक्ला, डॉ. ऋचा गुमाश्ता, डॉ. तिलोत्तमा चौधरी, डॉ. लक्ष्मीकांत पांडे, डॉ. प्रियंका सिन्हा, डॉ. विनीता, डॉ. रूपाली जैन, डॉ. मनीषा राठी एवं डॉ. सुधीर सिंह चंदेल सहित सभी प्रोफेसरों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### इन कॉलेजों के विद्यार्थियों ने लिया भाग

शोध अभियान में गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, महाकौशल कॉलेज, होम साइंस कॉलेज, सेंट अलॉयसियस कॉलेज एवं माता गुजरी महिला महाविद्यालय, जबलपुर के माइक्रोबायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी एवं लाइफ साइंस विभागों के शोध निर्देशक एवं लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद का सहयोग रहा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी जी ने इस शोध कार्य की सराहना की।

# जवाहरगंज वार्ड में दुरूस्त की जाए सफाई व्यवस्था

**संभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर की गई मांग**

**नवभारत,जबलपुर।** गणेश उत्सव एवं पर्युषण पर्व के मद्देनजर जवाहरगंज वार्ड क्र. 22 में बेहतर एवं विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर कस्तूरबा गांधी ब्लॉक (युवा कांग्रेस) उपाध्यक्ष आयुष पहारिया ने बल्देवबाग संभाग के संभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि पर्वों के दौरान वार्ड में नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए विशेष सफाई अभियान चलाया जाए और आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की तैनाती की जाए।



इस दौरान आयुष पहारिया ने कहा कि जवाहरगंज वार्ड घनी आबादी एवं प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र वाला वार्ड है। धार्मिक पर्वों के दौरान स्वच्छता व्यवस्था का बेहतर होना बेहद आवश्यक है। वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में कचरा, नालियों की गंदगी एवं सफाई कर्मचारियों की कमी जैसी समस्याओं के कारण नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने मांग की कि वार्ड की प्रमुख सड़कों एवं गलियों, गणेश पंडालों, धार्मिक स्थलों तथा पर्युषण पर्व से संबंधित क्षेत्रों में नियमित सफाई कराई जाए। साथ ही नालियों की सफाई, समय पर कचरा उठाव, आवश्यक स्थानों पर चूना एवं कीटनाशक का छिड़काव तथा पर्व समाप्त होने तक विशेष निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर सिद्धांत जैन (गोलू), मेवालाल पटेल, अभिनव मिश्रा, रिजवान अली कोटी, हर्ष साहू, अंश पहारिया, सत्यम साहू आदि उपस्थित रह।